## सुविचार



बर्तन में रखा पानी चमकता है। समुद्र का पानी अस्पष्ट होता है। लघु सत्य स्पष्ठ शब्दों से बताया जा सकता है, महान सत्य मौन रहता है।
रबिन्द्रनाथ टैगोर


## बरेली के प्रमुख समाचार

- स्कूल में साइबर खतरा समझाया, समझदार तन्मय ने परिवार को बचाया-II
- मंडल में अब तक 22 सौ क्विंटल गेहूं खरीद, बरेली तीसरे नंबर पर-III
- गुरु तेग बहादुर के शौर्य, बलिदान को किया नमन-IV


## सिटी ब्रीफ

### आईजीआरएस पर रुविवि में गलत नियुक्ति की शिकायत

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में फरवरी में हुई नियुक्तियों पर अनियमितता व यूजीसी नियमों का उल्लंघन करने के लगातार आरोप लग रहे हैं। जितेंद्र कुमार पटेल व उपेंद्र पटेल नाम के दो युवकों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर शिकायत की है। दोनों आवेदकों ने कुलपति की ओर से पादप विज्ञान विभाग में आचार्य पद पर की गई नियुक्ति पर सवाल करते हुए इसे विधि सम्मत न होते हुए नियुक्ति को निरस्त करने योग्य बताया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इससे पहले भी वह मामले की शिकायत कर चुके हैं। जिसका गलत तरीके से आख्या लगाकर निस्तारण किया गया। जितेंद्र ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। वहीं, लगाए गए आरोपों को आचार्य ने निराधार बताया है।

### बीएमएस छात्रों की राष्ट्रीय बिजनेस हैकाथॉन में उपलब्धि

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बीएमएस (बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) छात्रों ने आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी देहरादून की ओर से आयोजित बिजनेस हैकाथॉन में शानदार प्रदर्शन किया। हैकाथॉन 2 से 4 अप्रैल तक आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय की टीम ने अपनी व्यावसायिक सूझबूझ और नवाचारी विचारों के माध्यम से शीर्ष टीमों में अपनी जगह बनाई। विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व केशव वत्स, केशव भसीन, लक्ष्य यादव, विशाल, आयुषी वैश्य, मेधावी दीक्षित और अनुग्रह शर्मा ने किया। विभागाध्यक्ष एवं संकाय अध्यक्ष प्रो. डॉ. तुलिका सक्सेना ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि ऐसी उपलब्धियां उत्कृष्टता और नवाचार के लिए एक मानक स्थापित करती हैं।

## शहर में आज

- दरगाह शाहदाना वली पर हजरत सैय्यद बाबा के कुल शरीफ की फातिहा सुबह 10 :30 बजे।
- साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय की ओर से वार्षिक स्पोर्ट मीट का समापन एवं पुरस्कार वितरण एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में दोपहर 12 बजे।
- बरेली कॉलेज के बीसीए विभाग के छात्रों की फेयरवल व सम्मान समारोह होटल सीता किरन में सुबह 10 बजे।
- एसआरएमएस में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 दोपहर 1:30 बजे।
- बाबा श्री नीलकंठ मंदिर राजेन्द्र नगर में शिव महापुराण कथा शाम 5 से 9 बजे।
- द क्लासिकल सोल की ओर से नायकी संगीत व नृत्य कार्यक्रम अर्बन आडिटोरियम में शाम 5 बजे।

## आंधी आई, बरसे मेघ



दिन में बादल छाए जा रहे, शाम को धूल भरी तेज आंधी चली तो वाहन चालकों को परेशानी से जूझना पड़ा। रात में हल्की बूंदाबांदी भी हुई।

# आंधी-पानी से शहर में छाया बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** आंधी व बारिश से मंगलवार देर शाम शहर की बिजली उड़ गई। सभी सबस्टेशन पर 33 केवी की लाइन को बंद कर दिया गया। फाल्ट से डेलापीर, डोहरा रोड, महानगर, हारुनगला, डीडीपुरम आदि इलाकों में बिजली गुल हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह तार टूट गए, जिससे आपूर्ति बाधित हुई। शहर में जंफर, बॉक्स उड़ने के साथ ही इंसूलेटर पंचर हुए। कई उपकेंद्रों की 33 केवी व 11 केवी की लाइनें फॉल्ट के कारण ब्रेकडाउन में चली गईं। उपभोक्ताओं को परेशानी से जूझना पड़ा। किला, सुभाषनगर, सीबीगंज, शाहदाना और अन्य जगह पर भी लोकल फाल्ट की झड़ी लग गई। बारिश रुकने के बाद कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग कर आपूर्ति को बहाल कराया। कई इलाकों में देर रात तक बिजली संकट बना रहा।

### बारिश ने कराया ठंड का एहसास

मौसम बार-बार अपना रूप बदल रहा है। धूप और बादलों में आंख-मिचौली जारी है। मंगलवार को भी मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह धूप निकलने के बाद बादल छा गए। देर शाम तेज हवाएं धूल उड़ाने लगीं। बारिश ने मौसम को ठंडा कर दिया। अधिकतम तापमान 33 .4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 .9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अनुकूल परिस्थितियों के चलते अगले तीन दिन तक बादल छाए रहने, हल्की बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला जारी रह सकता है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ विशेषज्ञ अतुल कुमार केअनुसार पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से यह बदलाव देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल के बाद मौसम फिर बदल सकता है।

# धर्मकांटा रोड पर बुलडोजर एक्शन... 40 दुकानें जमींदोज

## नगर निगम ने सीएम ग्रिड योजना में सड़क चौड़ीकरण के लिए कोहाड़ापीर से धर्मकांटा तक चलाया ध्वस्तीकरण अभियान, दुकानदारों में गुस्सा

- **रसूखदारों पर रहम देख एक्सईएन पर भड़के व्यापारियों ने किया घेराव, पुलिस ने मोर्चा संभाला**
- **सरकारी कॉलेज, बिजलीघर भी चौड़ीकरण की जद में आए आलीशान इमारत के सामने कांपने लगे हाथ**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



धर्मकांटा रोड पर अतिक्रमण पर चलता नगर निगम का बुलडोजर। ● अमृत विचार



अतिक्रमण ध्वस्त करने के दौरान मौके पर जुटी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सीएम ग्रिड रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम के तहत कोहाड़ापीर से धर्मकांटा रोड पर नगर निगम का बुलडोजर गरजा। करीब 40 दुकानों को मलबे में तब्दील कर दिया गया। सवाल तब उठे, जब तीन मंजिला फर्नीचर शोरूम की बारी आई। अन्य दुकानों को जमींदोज करने वाले टीम जब इस इमारत का मात्र सांकेतिक हिस्सा गिराकर आगे बढ़ने लगी तो स्थानीय व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने एक्सईएन राजीव कुमार राठी को घेरकर खरी-खोटी सुनाईं। करीब आधे घंटे तक हाई-वोल्टेज ड्रामा के बीच बुलडोजर की आवाज शांत रही। फिर टीम बिना पूरी कार्रवाई किए लौट गई।

सीएम ग्रिड के दूसरे चरण में कुदेशिया मार्ग और धर्मकांटा चौराहे से कोहाड़ापीर तक सड़क चौड़ीकरण प्रस्तावित है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने भरी पुलिस बल की मौजूदगी में सबसे पहले कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप के सामने उन दुकानों पर बुलडोजर चलाया। जिनको चिह्नित लाल निशान लगाए गए थे, उनमें से कुछ दुकानदारों ने निशान मिटा दिए थे। जब धार्मिक स्थलों के गेट, दीवार और छज्जों को नुकसान पहुंचा, तो आस्था का हवाला देकर लोग सड़कों पर उतर आए। व्यापारिक नेताओं के जुटने से पुलिस को स्थिति संभालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। प्रभावित लोगों का सीधा आरोप है कि सड़क चौड़ीकरण के नाम पर उनसे उनकी छत और रोटी छीनी जा रही है, जबकि प्रभावशाली लोग अपने अवैध निर्माण को बचाने में सफल रहे।

दूसरी ओर, नगर निगम के एक्सईएन राजीव कुमार राठी ने इन आरोपों को सिरे से नकारते हुए इसे रूटीन प्रक्रिया बताया। उन्होंने तर्क दिया कि सभी को पहले ही नोटिस दिए गए थे और सरकारी निशानों से छेड़छाड़ करने वालों पर कार्रवाई अनिवार्य थी। पहले दिन करीब 40 दुकान और 5 मकान पूरी तरह से ध्वस्त कर दिए गए। एक पेट्रोल पंप, मस्जिद और केडीएम इंटर कॉलेज का करीब 5-5 मीटर का हिस्सा तोड़ा गया। अभी 40 भवन रहे गए हैं। इनमें 10 मकान हैं और 30 दुकानें हैं। कार्रवाई के दौरान ड्रोन से निगरानी की गई।

### निगम की चेतावनी, सरकारी हो या निजी चौड़ीकरण की राह में जो आएगा...तोड़ेंगे

नगर निगम ने दो महीने पहले 55 से 60 दुकानों पर लाल निशान लगाने के बाद नोटिस जारी किए था। पिछले महीने नगर निगम और प्रशासन के अधिकारी ने इसको लेकर भारत सेवा ट्रस्ट कार्यालय पर कैंप भी लगाया था। लेकिन, इसे व्यापारियों ने महज चेतावनी समझा था। उनके भ्रम को तीन बुलडोजरों ने को चंद मिनटों में तोड़ दिया। निजी दुकानों के साथ बिजलीघर, सरकारी इंटर कॉलेज की दीवारें और पेट्रोल पंप के अवैध हिस्सा भी बुलडोजर कार्रवाई की जद में आया। इस दौरान कुछ जागरूक व्यापारियों ने खुद अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया था, लेकिन सुस्ती दिखाने वालों पर निगम का सख्त रुख देखने को मिला।

> व्यापारियों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके थे। सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़क का चौड़ीकरण किया जाना है। बीते दिनों नगर निगम और प्रशासन के अधिकारियों ने भी व्यापारियों व स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर उन्हें समझाया था। समय दिया गया, लेकिन वे नहीं माने तो मंगलवार को अभियान शुरू किया। कार्रवाई बुधवार को भी जारी रहेगी। **-संजीव कुमार मौर्य**, नगर आयुक्त

### कार्रवाई पर उठाए सवाल

कोहाड़ापीर में नगर निगम 1920 के नक्शे का हवाला देकर आधुनिक जीवन को मलबे में तब्दील कर रहा है। यह कहना था कि बरेली कॉलेज की रिटायर्ड प्रो. पूर्णिमा अनिल का। उनकी भी आठ दुकानों पर बुलडोजर चला। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से टैक्स भरने वालों की सुनने वाला कोई नहीं। दशकों पहले नगर पालिका के दौर के स्वीकृत नक्शे आज रद्दी बना दिए गए हैं। इन दुकानों में कारोबार करने वाले व्यापारियों ने कहा कि अधिकारियों की चौखट से लेकर जनप्रतिनिधियों की दहलीज तक गुहार लगाई, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासनों का झुनझुना थमाया गया। दुकानें तोड़ने से हम सभी की भूखे मरने की नौबत आ जाएगी।



टीम देख कुछ दुकानदार खुद ही अतिक्रमण को तोड़ने में जुट गए। ● अमृत विचार

# स्कूली वाहनों के डेटा अपलोडिंग में भी खेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मंडलायुक्त और डीएम ने जताई भारी नाराजगी, दो दिन का अल्टीमेटम**
- **आरटीओ प्रशासन बोले-केवल 430 स्कूलों ने अपलोड किया वाहनों का डेटा**

**अमृत विचार:** आगरा और अलीगढ़ में सड़क हादसों के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए शुरू किए गए विशेष अभियान में स्कूल संचालक रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जिले में स्कूली वाहनों की फिटनेस, बीमा और परमिट जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बनाए गए डिजिटल प्लेटफॉर्म यूपी इंटीग्रेटेड व्हीकल मॉनिटरिंग सिस्टम (यूपीआईवीएमएस) पोर्टल पर डेटा अपलोड करने की गति बेहद धीमी है। इस पर मंडलायुक्त और डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई है।

आरटीओ प्रशासन पंकज के अनुसार, सभी स्कूलों को यूजर आईडी और पासवर्ड उपलब्ध करा दिए गए हैं। बावजूद अब तक महज 430 स्कूल संचालकों ने ही डेटा पोर्टल पर अपलोड किया है। जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए हैं कि अगले दो दिनों के भीतर जिले के समस्त विद्यालयों और उनमें संचालित छोटे-बड़े सभी वाहनों का पंजीकरण पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए।

आरटीओ कार्यालय के मुताबिक यदि कोई विद्यालय दो दिन में पंजीकरण नहीं करता है, तो ऐसे संस्थानों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही के लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा।

चेतावनी दी है कि केवल पोर्टल पर पंजीकृत और सत्यापित वाहनों को ही सड़क पर चलने के लिए वैध माना जाएगा। पोर्टल के माध्यम से वाहनों के फिटनेस और बीमा की वैधता समाप्त होने से पहले ही अलर्ट की सुविधा मिलेगी, जिससे हादसों की आशंका कम होगी।

## कड़वा सच

### बिन बारिश गलियां बनीं तालाब, संक्रामक रोगों का मंडराया खतरा

# शहर में नरक देखना है तो सिकलापुर जाइए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **वार्ड 64 में सीवर और नाले के गंदे पानी के बीच रहने को मजबूर है लोग**
- **कोटेदार वाली गली में भरा घुटनों तक पानी, नाले पर रसूखदारों का कब्जा**
- **शिकायत के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, परेशानी से जूझ रहे स्थानीय नागरिक**



सिकलापुर की गली में जलभराव से आवाजाही में हो रही परेशानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी के बड़े-बड़े दावों के बीच वार्ड संख्या 64, मोहल्ला सिकलापुर की जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। यहां कोटेदार वाली गली और आसपास के इलाके में बिना बारिश के ही नालियों का गंदा पानी सड़कों पर उफना रहा है। हालत यह है कि कई गलियां तालाब जैसी नजर आने लगी हैं। स्थानीय लोगों के लिए अब इस बदबूदार पानी से गुजरकर घर से निकलना भी दूभर हो गया है। जलभराव के चलते पूरा क्षेत्र एक स्थायी समस्या में तब्दील हो चुका है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक जलभराव का मुख्य कारण क्षेत्र में नालियों का पानी सीवर में छोड़ना बताया जा रहा है। इस अवैध कनेक्शन के कारण सीवर लाइनें बार-बार जाम हो रही हैं और सारा गंदा पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महीने में कई बार ऐसी ही जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है। इससे न केवल लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है, बल्कि क्षेत्र में संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है।

स्थानीय निवासी रामचंद्र, मुकेश आदि का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बारिश के दिनों में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब पानी घुटनों तक भर जाता है। रसूखदार लोगों ने लाला लाजपत राय मार्केट से लेकर ऐतिहासिक नाले तक दर्जनों अवैध अतिक्रमण किए गए हैं, जिनसे जलनिकासी पूरी तरह बाधित है। यह नहीं एक प्रभावशाली व्यक्ति ने नाले के आगे-पीछे गेट लगाकर और संकरा कर लगभग बंद कर रखा है। निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस नारकीय जीवन से पूरी तरह अनजान बने हुए हैं। यदि जल्द ही नाले की सफाई और अतिक्रमण नहीं हटा, तो यह समस्या और भी विकराल रूप ले लेगी।

> मेरी तरफ से कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है। फोटो भी साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध कराए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी अवैध अतिक्रमण हटाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। **-जय प्रकाश राजपूत**, पार्षद वार्ड

> नाला सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही शहर के सभी नालों की सफाई होगी। अतिक्रमण को लेकर शहर में लगातार अभियान चल रहा है। जहां-जहां अतिक्रमण है उसे ध्वस्त किया जा रहा है। **- संजीव कुमार मौर्य**,नगर आयुक्त

# गोमतीनगर-बान्द्रा टर्मिनस इज्जतनगर के रास्ते चलेगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कानपुर अनवरगंज में ब्लॉक के चलते लिया फैसला**

**अमृत विचार :** 05033/05034 गोमतीनगर-बान्द्रा टर्मिनस-गोमतीनगर ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन गोमतीनगर से 13 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार व बान्द्रा टर्मिनस से 14 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को 15 फेरों के लिए चलाई जाएगी। सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज के मध्य पुल पर ब्लाक के कारण यह ट्रेन गोमतीनगर से 11 मई व बांद्रा टर्मिनस से 12 मई तक परिवर्तित मार्ग डालीगंज-सीतापुर-मैलानी- इज्जतनगर-मथुरा जंक्शन के रास्ते चलेगी।

05033 गोमतीनगर-बान्द्रा टर्मिनस प्रत्येक सोमवार को गोमतीनगर से 14.00 बजे चलकर परिवर्तित मार्ग बादशाहनगर से 14.12 , डालीगंज से 14.50, सीतापुर से 16.02 बजे, मैलानी से 17.42, पीलीभीत से 18.35 बजे, इज्जतनगर से 19.17 बजे, कासगंज से 21.15, मथुरा जंक्शन से 23.05 बजे, दूसरे दिन भरतपुर से 01.02 बजे, गंगापुर सिटी से 03.55, कोटा से 05.00 बजे, बोरीवली से 18.44 छूटकर बांद्रा टर्मिनस 20.00 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05034 बान्द्रा टर्मिनस-गोमतीनगर ट्रेन मंगलवार को बान्द्रा टर्मिनस से 23.00 बजे चलकर बोरीवली से 23.36 बजे, दूसरे दिन वापी से 01.52 बजे चलेगी।

### ब्लॉक के चलते परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ट्रेनें

नागपुर मंडल के गोंदिया स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ब्लॉक दिए जाने के कारण कई ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। हैदराबाद से 10 अप्रैल से 29 मई तक चलने वाली 07075 हैदराबाद-गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी वर्धा-बडनेरा-नरखेर-इटारसी के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 12 अप्रैल से 24 मई, तक चलने वाली 07076 गोरखपुर-हैदराबाद साप्ताहिक विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग इटारसी-नरखेर-बडनेरा-वर्धा के रास्ते चलाई जायेगी।

सिटी ब्रीफ

### आईजीआरएस में बरेली फिर प्रथम

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली पुलिस ने जन शिकायतों के निस्तारण के मामले में प्रदेश में लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आईजीआरएस रैंकिंग के अनुसार मार्च में जिला पुलिस शिकायत निस्तारण में सबसे आगे रही। एसएसपी एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का शासन स्तर पर हर माह मूल्यांकन किया जाता है। जिले के 28 थानों ने भी शिकायतों के संतोषजनक निस्तारण में बेहतर प्रदर्शन किया।

### तमंचे से फायरिंग का वीडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में एक युवक का तमंचे से फायरिंग करने का वीडियो वायरल हो रहा है। सुभाषनगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना इज्जतनगर क्षेत्र के परतापुर चौधरी निवासी सुमित कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मढ़ीनाथ निवासी एक युवक रेस्टोरेंट चलाता है। उसका तमंचे से फायरिंग करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सुभाषनगर इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि वीडियो की जांच कराई जा रही है।

# स्कूल में साइबर खतरा समझाया, समझदार तन्मय ने परिवार को बचाया




- डिजिटल अरेस्ट की घटना सबके के लिए सबक, स्कूल-कॉलेज, घर-परिवार सब जगह जागरूकता क्लास जरूरी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** थाना प्रेमनगर क्षेत्र में लाखों के साइबर फ्रॉड के परिवार को बचाने वाला कक्षा आठ का छात्र तन्मय पूरे समाज की नजरों में हीरो बन गया है। तन्मय ने खतरा भांपकर प्रयास न किए होते तो मम्मी-पापा के बैंक खाते में जमा लाखों की रकम लुट जाती। यह होनहार बच्चा रामपुर गार्डन स्थित शांति इंटर कॉलेज में पढ़ता है। कॉलेज के शिक्षकों ने पढ़ाई के साथ क्लास में साइबर खतरों के बारे में सिखाया था, जो उसके काम आया और अनहोनी टल गई।

बरेली शहर देहात में साइबर ठगी की तमाम घटनाएं हो चुकी हैं। अज्ञात अपराधी तरह-तरह से वीडियो और वॉइस कॉल या चेटिंग कर लोगों को शिकार बनाते हैं। साइबर क्रिमनिल कभी खुद को सीबीआई अफसर बताकर धमकाते हैं तो कभी एटीएस व पुलिस बनकर। कितने ही लोगों को आतंकित कर उनके बैंक खाते खाले किए जा रहे हैं। सरकार और रिजर्व बैंक लोगों को इस तरह के फ्रॉड से बचने की अपीलें कर रहे हैं। लोगों को बार-बार सचेत किया जा रहा है कि अपने बैंक अकाउंट, एटीएम पिन की जानकारी किसी के साथ भी साझा न करें, लेकिन इसके बाद भी लोग ठगों के जंजाल में फंसकर लुट रहे हैं।

सुरखा बानखाना मोहल्ले में रहने वालीं टीचर राशी सक्सेना के नाम से पुणे कोर्ट का फर्जी वारंट भेजकर और उनका आतंकियों से कनेक्शन बताकर ठगों ने शिकार बनाने की कोशिश की भरसक कोशिश की थी। दहशत में टीचर व उनके पति बैंक अकाउंट की डिटेल भी अपराधियों को दे चुके थे, लेकिन साइबर अपराधियों के बारे में जानकारी रखने वाले उनके बेटे तन्मय ने पूरा षडयंत्र नाकाम कर दिया। तन्मय ने पिता और पड़ोसियों को सचेत कर पुलिस न बुलवाई होती तो परिवार की खून-पसीने की कमाई के बैंक में जमा लाखों रुपये लुट जाते।



### बरेली में आम लोग ही नहीं, वैज्ञानिक- डॉक्टर तक हो चुके साइबर ठगी के शिकार

**बरेली, अमृत विचार :** साइबर अपराधियों का जंजाल ऐसा है कि बरेली में कई आम लोग ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक–डिजिटल फ्रॉड का शिकार बन चुके हैं। कई मामलों में पुलिस की सक्रियता लोग लुटने से बच भी चुके हैं। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) परिसर में रह रहे सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों ने 1.29 करोड़ रुपये ठग लिए। पीड़ित ने सप्ताहभर तक किसी से इसका जिक्र तक नहीं किया। एक सप्ताह बाद उन्होने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पश्चिम बंगाल के हुगली के मूल निवासी वैज्ञानिक आईवीआरआई में तैनात रहे। वह जनवरी 2025 में सेवानिवृत्त हुए थे। 17 जून 2025 को उनके पास व्हाट्सएप कॉल आई। कॉलर ने खुद को बंगलूरू सिटी पुलिस का अधिकारी बताकर उनके आधार कार्ड से सिम निकालकर नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी व मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध लगाकर ठगी की थी। इस मामले में लखनऊ एसटीएफ की मदद से पुलिस ने लखनऊ के रहने सुधीर कुमार चौरसिया, श्याम कुमार वर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह और गोंडा निवासी रजनीश द्विवेदी को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा अगस्त 2025 में प्रेमनगर थाना क्षेत्र के एकता नगर निवासी बैंक ऑफ बड़ौदा की सेवानिवृत्त मैनेजर गुलशन कुमारी को 55 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट करके 70 लाख रुपये की मांग की गई थी। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद उन्हे मुक्त कराया था। इसके अलावा जनवरी 2025 में मुंबई के हवाला कारोबार में आधार कार्ड का इस्तेमाल होने की धमकी देकर साइबर ठगों ने बारादरी क्षेत्र में रहने वाले डॉक्टर नजबुल हसन को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। ठग के कहने पर डाक्टर ने 72 घंटे के लिए होटल में लिया कमरा लिया था। शक होने पर परिवार की सजगता से सात घंटे में मुक्त पुलिस की मदद से उन्हे मुक्त कराया गया था। इसके अलावा अन्य मामलों में भी लोग साइबर ठगों की बातों में आकर डिटिटल अरेस्ट होने के बाद रकम गंवा चुके है।

### सजग रहें, सुरक्षित रहें

- कोई भी सरकारी एजेंसी या पुलिस कभी भी इंटरनेट कॉल नहीं करती।
- वीडियो या वॉइस कॉल कर किसी को डिजिटल अरेस्ट नहीं किया जाता।
- किसी के पास ऐसा धमकी भरा फोन आए तो तुरंत कॉल काट दें।
- पुलिस, सीबीआई, एटीएस अधिकारी बताकर डराएं तो बात न करें।
- किसी को भी अपने बैंक अकाउंट, एटीएम पिन के बारे में जानकारी न दें।
- साइबर अपराध से बचने को पता होते ही पुलिस व कंट्रोल रूम को फोन करें।
- किसी के मांगने पर मोबाइल में आया बैंक का ओटीपी भूलकर भी साझा न करें।
- कुछ भी गड़बड़ लगने पर सबसे पहले परिवार के बाकी लोगों को जानकारी दें।
- खाते से पैसा गायब होने पर तुरंत पुलिस व बैंक को सूचना देकर मदद लें।

### यह भी ध्यान रहे

- कभी भी किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें।
- ऑनलाइन नौकरी का सत्यापन जरूर करें।
- पैसा दोगुना करने के लालच में बिलकुल न फंसे।
- निवेश सिर्फ उन्हीं में करें जिस कंपनी को जानते हो।
- ठगी होते ही 1930 पर साइबर पुलिस को सूचना दें।
- अनजान नंबरों से कॉल–मैसेज पर भरोसा न करें।

### सावधानी जरूरी

- डिजिटल अरेस्ट बता कर डराते हैं ठग।
- जानी–मानी कंपनियों के नाम पर मेल।
- फर्जी लिंक्स–मैसेज भेजकर ठगी ।
- गलती से पैसे भेजने भी साजिश।
- इमोशनल मैनिपुलेशन स्कैम।
- बिना डॉक्युमेंट लोन का झांसा
- केवाईसी के नाम पर ठगी, सोशल मीडिया पर बदनामी का डर।

साइबर ठगी को लेकर पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। प्रेमनगर क्षेत्र में एक छात्र ने अपने माता–पिता को डिजिटल अरेस्ट होने के बाद समझदारी दिखाते हुए बचा लिया। पुलिस स्कूल कॉलेजों में कार्यक्रम करके साइबर फ्रॉड से बचने को लेकर स्टूडेंट को जागरूक करेगी। मौजूदा समय में भी स्कूलों में कार्यक्रम कर छात्रों को जानकारी दी जा रही है।



**मानुष पारीक**, एसपी सिटी

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ से मारपीट

**बरेली, अमृत विचार:** आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ से जबरन संबंध बनाने का दबाव बनाकर मारपीट की गई। आरोपी ने खुद को सरकारी डाक्टर बताकर सीएचओ को फोन किया था। महिला कर्मचारी की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आरोपी और उसकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के एक कॉलोनी की रहने वाली महिला ने बताया कि चौबारी गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ (कम्यूनिटि हेल्थ आफिसर) है। 7 मार्च को उसके फोन पर नए नंबर से व्हाट्सएप कॉल और मैसेज आए। कॉल करने वाले ने खुद को सरकारी डाक्टर बताया। उसने कहा कि वह आपके कार्यालय आयुष्मान आरोग्य मंदिर चौबारी में चेकिंग करने आया है। उस समय वह महेशपुर ठकुरान में डयूटी पर थी। कॉल आने के बाद वह अपने कार्यालय पहुंच गई। कुछ समय बाद वहां श्यामवीर निवासी चाऊ की बस्ती लाइनपार थाना मझौला जिला मुरादाबाद आया। उसने पुरानी रिलेशनशिप का हवाला देकर सारी चीजें उजागर करने की धमकी दी। आरोपी संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। उसने पति व उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। 3.50 लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी।

# सुभाषनगर में एनकाउंटर, कुख्यात संजय रघु के पैरों में लगी गोली

## अपराधी पर यूपी-उत्तराखंड में दर्ज हैं 21 मुकदमे , लूट की कई वारदातों में था शामिल

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- पुलिस को देखते ही बदमाश ने चलाईं गोलियां
- मुठभेड़ में घायल होने के बाद पुलिस के हाथ आया

**अमृत विचार:** यूपी से उत्तराखंड तक लूट-छिनैती की वारदातें कर दहशत फैलाने वाला कुख्यात अपराधी संजय रघु उर्फ संजू को पुलिस के साथ मुठभेड़ में पकड़ा गया। थाना सुभाषनगर क्षेत्र में उसने पुलिस पर गोलियां चलाईं। जवाबी कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोली लग गई। पूछताछ में उसने कई वारदातों में शामिल होना स्वीकारा है।

इंस्पेक्टर सुभाषनगर संतीश कुमार नैन ने बताया कि सटीक सूचना के बाद रात में पुलिस टीम के साथ अपराधी की घेराबंदी की गई थी। फतेहपुर इटौआ जाने वाले रास्ते पर बाइक सवार का पीछा किया गया। बाइक सवार गिरकर फायरिंग करता हुआ भागने लगा। पुलिस को भी जवाब में गोली चलानी पड़ी। पैरों में गोली लगने के बाद अपराधी को दबोच लिया। उसकी पहचान पेशेवर अपराधी संजय उर्फ संजू उर्फ रघु निवासी सुकाली थाना शाही, हाल पता बजरंग विहार थाना ट्रान्जिट कैंप रुद्रपुर उत्तराखंड के रूप में हुई। उसके खिलाफ बरेली के विभिन्न थानों के अलावा उत्तराखंड में भी 21 मुकदमे दर्ज चल रहे है। संजू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके पास से तमंचा, कारतूस, बाइक, कैश व मोबाइल बरामद हुआ। कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



अस्पताल में आरोपी। • अमृत विचार

**उत्तराखंड पुलिस की हिरासत से भाग चुका :** कुख्यात अपराधी संजय रघु की गिरफ्तारी की सूचना उत्तराखंड पुलिस को दी गई तो चोंका देने वाली जानकारी पता लगी। उस पर उत्तराखंड के अलग-अलग थानों में तमाम केस दर्ज चल रहे हैं। 6 जुलाई 2023 को वह ऊधमसिंह नगर के जिला अस्पताल में भर्ती के दौरान पुलिस हिरासत से भी भाग निकला था।

### चोरी की बाइक से वारदातें करता था संजू

पकड़े गए अपराधी से पूछताछ में पता लगा कि 8 मार्च को उसने अपने साथी अमित यादव के साथ इज्जतनगर में एक महिला से पर्स छीना था, जिसमें मोबाइल और 2 हजार रुपये के अलावा आईडी और डेबिड कार्ड था। खाली पर्स उन्होंने फेंक दिया था। 12 मार्च की शाम को सुभाषनगर क्षेत्र में पराग फैक्ट्री के पास से एक महिला का पर्स छीना था। 12 मार्च की रात में भी उसने बुखारा मोड़ से स्कूटी सवार एक महिला से पर्स छीना था। सोमवार को भी लूट के इरादे से आया था। उसने अमित नहीं आया। अकेले ही लूट की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने दबोच लिया। उससे मिली बाइक उत्तराखंड से चोरी की गई थी।

# रिश्वत लेते पकड़े गए खनन कर्मचारी की हालत बिगड़ी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- जिला अस्पताल में भर्ती होने के बाद लखनऊ किया गया रेफर
- एंटी करप्शन की टीम ने बाबू को सोमवार को किया था गिरफ्तार

**अमृत विचार:** रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए खनन विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की हालत बिगड़ गई। सीने में दर्द की शिकायत होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां हालत में कोई सुधार नहीं होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

किला थाना क्षेत्र के रोठा गांव निवासी वेद प्रकाश ने बताया कि उसने सीज ट्रैक्टर ट्राली को छुड़ाने और जुर्माना संबंधी पत्रावली जिलाधिकारी कार्यालय में दी थी। आरोप लगाया कि खनन विभाग में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महमूद रजा खां काम कराने के नाम पर 10 हजार रुपये मांग रहा था। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन की ट्रैप टीम ने सोमवार को महमूद खां निवासी परसाखेड़ा थाना सीबीगंज को खनन अधिकारी कार्यालय से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली ले गई। कोतवाली में लंबी पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। मंगलवार को आरोपी को जेल भेजने की तैयारी थी। सुबह अचानक महमूद रजा खां की तबीयत बिगड़ गई। सीने में तेज जलन और बेचैनी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों की टीम ने उसका परीक्षण किया और आवश्यक जांचें कराईं। हालत में सुधार नहीं होने पर लखनऊ केजीएमयू रेफर कर दिया गया है। अब उसकी हालत में सुधार होने के बाद जेल भेजा जाएगा। कोतवाली इंस्पेक्टर धनंजय पांडे ने बताया कि कर्मचारी की हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है।




# खाने का पैकेट नहीं मिला दूल्हे का निकाह से इंकार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- पुलिस की चौखट पर पहुंचा दुल्हन पक्ष, सबूत दिखाए

**अमृत विचार:** जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मंगनी के बाद महज खाने का पैकेट साथ न देने पर दूल्हा पक्ष ने निकाह से इनकार कर दिया। दुल्हन के भाई ने एसएसपी से कार्रवाई की गुहार लगाई।

भोजीपुरा क्षेत्र के एक गांव में मंगनी कार्यक्रम में लड़की पक्ष ने लाखों रुपये खर्च किए। सोने के उपहार दिए और मेहमानों का भरपूर सत्कार किया। विदाई के समय जब लड़की वाले लड़के और उसके परिवार के लिए खाना पैक करना भूल गए, तो लड़के वालों ने इसे अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया। विवाद इतना बढ़ा कि दूल्हा पक्ष ने पूर्व निर्धारित 25 अप्रैल के निकाह से इंकार कर दिया और समझौते के नाम पर लग्जरी कार व आठ लाख रुपये नकद की मांग शुरू कर दी। लड़की के भाई ने इस अपमान और दहेज की मांग को लेकर एसएसपी अनुराग आर्य से न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और कार्ड भी छप चुके हैं, लेकिन लड़के वाले अब लालच के कारण पीछे हट रहे हैं।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**विधि संवाददाता, बरेली:** स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने किशारी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी इरशाद को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने दोषी पर 22 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जिसकी 90 प्रतिशत राशि पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी। मामला 2018 का है, जब थाना प्रेमनगर क्षेत्र की 15 वर्षीय किशोरी को काम दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर ले जाया गया था। हालांकि शुरुआती तहरीर में एक अन्य व्यक्ति रहीम का नाम था, लेकिन पुलिस विवेचना में वह निर्दोष पाया गया और इरशाद के खिलाफ दुष्कर्म के साक्ष्य मिले।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

इज्जतनगर थाना के मोहरनिया गांव निवासी धूम सिंह और सेवक राम शहर में काम करके बाइक से गांव लौट रहे थे। धूम सिंह के भाई शिवकुमार ने बताया कि जैसे ही दोनों अहलादपुर चौकी के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। धूम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सेवक राम गंभीर रूप से घायल हो गया।

### ट्रेन से कटकर युवक की जान गई

**सीबीगंज/बरेली, अमृत विचार** :सीबीगंज क्षेत्र में ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं ट्रेन से गिरकर एक युवक घायल हो गया। सीबीगंज थाना क्षेत्र के पस्तोर और खड़ौआ रेलवे क्रासिंग के बीच में डाउन लाइन पर मंगलवार सुबह 9 बजे गाड़ी नंबर 19602 उदयपुर सिटी साप्ताहिक एक्सप्रेस की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। उपनिरीक्षक सोम पाल शर्मा ने बताया कि उन्हें राहगीरों ने रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़े होने की सूचना दी।

# गैंगस्टर कल्लू उर्फ धर्मवीर ने कबूला जुर्म, दो वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली:** फरीदपुर थाने के गैंगस्टर शाहजहांपुर महमद जलालनगर निवासी कल्लू उर्फ धर्मवीर ने मंगलवार को स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट कोर्ट तबरेज अहमद के समक्ष जुर्म कबूल लिया। अदालत ने 2 वर्ष कठोर कारावास व 5 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि समाज विरोध क्रियाकलाप में शामिल होने के कारण वर्ष 2021 में फरीदपुर पुलिस ने कल्लू के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की थी। कल्लू ने कोर्ट में गुहार लगायी कि वह गरीब आदमी है, घर का इकलौता कमाने वाला सदस्य है भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं दोहरायेगाद्ध कम से कम सजा की याचना की।

# गुनाहों की राह में किडनैपर बेटे का साथ निभाता रहा नंबरी नत्थू

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार:** बड़ा बाईपास पर कार हादसे में मारा गए किडनैपर मनमोहन की तरह उसका पिता भी बेहद खतरनाक और क्रूर मानसिकता रखता है। पुत्र गुनाहों पर चल रहा था तो नंबरी नत्थू सिंह भी कम नहीं था। बाप-बेटे पहले थाना फरीदपुर क्षेत्र में ढाकन मौर्या की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या के मामले में साथ जेल गए थे। जेल से छूटने के बाद गुरूग्राम में रहे तो वहां भी अपराधी मानसिकता नहीं छोड़ी। साथ मिलकर ऑटो ड्राइवर मनोज व उसके दो बच्चों का अपहरण कर लिया। किस्मत साथ थी जो कार हादसे में घायल होकर बच्चे पुलिस के साथ लग गए और उसके बाद नत्थू के घर से मनोज को भी सकुशल छुड़ा लिया गया।

पुलिस के अनुसार, मनमोहन और उसके पिता नत्थू सिंह प्लानिंग



आरोपी नत्थू सिंह। मृतक मनमोहन का फाइल फोटो

- हरियाणा पुलिस नत्थू-प्रिंस का लेगी ट्रांजिट रिमांड
- पुलिस सुरक्षा में पीड़ित परिवार जाएगा गुरुग्राम

घर में बंधक बनाकर रखे गए गुरुग्राम के ऑटो ड्राइवर मनोज की हत्या कर उसके बच्चों की रिहाई के बदले मोटी फिरौती मांगने की थी। बच्चों को दूसरी जगह शिफ्ट करते समय कार के टैंकर से टकरा जाने और उसमें सवार मनमोहन सिंह तीन किडनैपर के मारे जाने से पूरा प्लान फेल हो गया। मनमोहन का साथी प्रिंस और पिता नत्थू अब पुलिस की हरासत में हैं। गुरुग्राम पुलिस दोनों का ट्रांजिट रिमांड लेगी, ताकि उनको हरियाणा लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सके।

गुरुग्राम के डीएलएफ-1 थाने में अपहरण का मामला दर्ज होने से कार्रवाई का जिम्मा हरियाणा पुलिस ही संभाल रही है और पुलिस हर संभव सहयोग करने में जुटी है। 5 अप्रैल की शाम थाना सीबीगंज क्षेत्र में दो बाइक सवारों को रोंदकर बेकाबू कार के टैंकर से टकरा जाने से 5 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें तीन किडनैपर भी शामिल थे। मृतकों की शिनाख्त फरीदपुर के टांडा निवासी मनमोहन, पीलीभीत निवासी सिकंदर व रामपुर के बिलासपुर निवासी विशेष के रूप हुई थी, साथी प्रिंस घायल हो गया था।

### 'यक्ष एप' से बेनकाब हुए ऑटो चालक और दो बच्चों के किडनैपर



**बरेली, अमृत विचार :** डीआईजी अजय कुमार साहनी के निर्देशन में परिक्षेत्र के सभी जनपदों द्वारा 'यक्ष एप' का प्रभावी एवं सतत उपयोग किया जा रहा है। एप के माध्यम से गिरफ्तार अपराधियों का फोटो, फिंगरप्रिंट, वॉयस सैंपल, आपराधिक इतिहास एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं का नियमित रूप से संकलन एवं फीडिंग की जा रही है। एप की मदद से बच्चों का अपहरण करके लाए गए आरोपी और बारादरी में चोरी की खुलासा अब तक जिले में पुलिस कर चुकी है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के परधौली गांव के पास बड़ा वाईपास पर रविवार की शाम को एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कैंटर में जा टकरा गई थी। इसके अलावा कार के पीछे से आ रही बाइक बुलेरो में टकरा गई। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग (एक युवक और 2 छोटे बच्चे) घायल हो गए थे। पुलिस ने जब बोलेरो सवार मृतकों के मोबाइल चेक किए और 'यक्ष एप' पर उनका विवरण खंगाला, तो पता चला कि मृतक (मनमोहन, सिकंदर, विशेष) और घायल युवक (प्रिंस) हत्या, डकैती और लूट जैसे गंभीर मामलों के पुराने अपराधी थे। विस्तृत जांच और मृतक मनमोहन के पिता (नत्थूलाल) से पूछताछ में यह सामने आया कि इन अपराधियों ने 4 अप्रैल 2026 को गुरुग्राम (हरियाणा) से मनोज नाम के युवक और उसके दो बच्चों का अपहरण किया था। (बोलेरो में घायल मिले दोनों बच्चे वही अपहृत बच्चे थे)। अपराधियों ने बच्चों के पिता मनोज को फरीदपुर के एक मकान में बंधक बनाकर रखा हुआ था। पुलिस की सतर्कता और 'यक्ष ऐप' की मदद से एक सामान्य सड़क दुर्घटना की जांच के दौरान अपहृत पिता व उनके दोनों बच्चों को सकुशल बचा लिया गया। इसके अलावा 31 मार्च को थाना बारादरी क्षेत्र में घर में घुसकर बुलेट , मोबाइल फोन एवं चांदी का ब्रेसलेट चोरी की घटना का अनावरण सीसीटीवी फुटेज एवं 'यक्ष एप' के माध्यम से किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला कल्याण योजनाओं का कैंप 8 को

**बरेली, अमृत विचार** : विकास खंड मझगवां में महिला कल्याण विभाग की तरफ से संचालित योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 8 अप्रैल को कैंप का आयोजन होगा। कैंप में पति के निधन के उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य योजनाओं से संबंधित जानकारी व आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### निशुल्क शिविर में 120 को मिला परामर्श

**बरेली, अमृत विचार** : विश्व स्वास्थ्य दिवस पर छावनी परिषद ने मंगलवार को सार्वजनिक चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर में करीब 120 मरीजों को परामर्श दिया गया। मुख्य अतिथि मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. तनु जैन ने कहा कि स्वस्थ समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव है। आरएमओ डॉ. वंदना ने गर्भवतियों, शिशुओं के पोषण व सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए निशुल्क एचपीवी टीकाकरण के बारे में जानकारी दी।

# मंडल में अब तक 22 सौ क्विंटल गेहूं खरीद, बरेली तीसरे नंबर पर

## खाद्य एवं विपणन विभाग के राज्यमंत्री और प्रमुख सचिव ने ऑनलाइन समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** खाद्य एवं विपणन विभाग के राज्यमंत्री अतुल शर्मा और प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद की समीक्षा बैठक में यह तथ्य सामने आया कि मंडल के चारों जिलों में अब तक 2228 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद हो चुकी है, जिसमें शाहजहांपुर सबसे आगे है। राज्यमंत्री ने अन्य जिलों को भी रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए।

मंडल के बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत और बदायूं जिलों में छह सरकारी एजेंसियों के 536 क्रय केंद्र गेहूं की खरीद कर रहे हैं। बैठक के दौरान राज्यमंत्री अतुल शर्मा ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी कि खरीद प्रक्रिया में बिचौलियों की रत्ती भर भी जगह नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आरएफसी डा. मनिकंडन. ए और आरएमओ सचिन कुमार से चारों जिलों में उपलब्ध बोरों का डेटा तलब किया और निर्देश दिए कि यदि स्टॉक में कमी आए, तो तत्काल कोटेदारों से समन्वय कर बोरों की व्यवस्था करें। राज्यमंत्री ने दो टूक कहा कि अन्नदाता को नमी या संसाधनों का बहाना बनाकर परेशान न किया जाए। किसी केंद्र से किसान को बिना तौल लौटाया गया, तो संबंधित केंद्र प्रभारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भीषण गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर पानी और छाया की समुचित व्यवस्था की जाए। भुगतान के मामले में राज्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि डीबीटी के माध्यम से पैसा सीधे किसान के खाते में समय से पहुंचना चाहिए। प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं केंद्रों का औचक निरीक्षण करें ताकि तौल में पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में चारों जिलो के डिप्टी आरएमओ, एजेंसियों के प्रभारी आदि मौजूद रहे।



- गेहूं में नमी के बहाने अगर किसानों को टरकाया तो केंद्र प्रभारी पर होगी कार्रवाई

### शाहजहांपुर सबसे आगे,बदायूं फिसड्डी

**बरेली, अमृत विचार** : सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद में शाहजहांपुर 837 क्विंटल गेहूं खरीद के साथ सबसे आगे है। बदायूं में अब तक सिर्फ 25 क्विंटल गेहूं खरीद हुई। बरेली के क्रय केंद्रों पर 660 क्विंटल गेहूं खरीद हो चुकी है। वहीं पीलीभीत 706 क्विंटल गेहूं खरीद के साथ दूसरे नंबर पर है।

## जिलाधिकारी ने शादी वाले परिवारों को दिलवाए सिलेंडर

**बरेली, अमृत विचारः** जनता दर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के समक्ष दो लोग प्रार्थना पत्र और शादी का कार्ड लेकर गैस सिलेंडर के लिए पहुंचे। डीएम ने मौके पर ही आठ कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिए। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि विवाह आयोजनों के लिए जरूरत के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी के मनीष कुमार ने बताया कि अब तक 225 आवेदकों को कुल 725 कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा चुके हैं। कहा कि 5 किलोग्राम का छोटू (एफटीएल) गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में है। यह सुविधा जनपद की 91 गैस एजेंसियों पर उपलब्ध है।

पीएनजी कनेक्शन के लिए इच्छुक लोग सीधे सीयूजीएल कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार, नए कनेक्शन के लिए शहर में कैंप लगाए जाएंगे।

## साइकिल रैली से स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश




आईएमए भवन से रैली की शुरुआत करते आईएमए अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आईएमए ने निकाली साइकिल रैली

**अमृत विचार** : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बरेली ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जनस्वास्थ्य जागरूकता के लिए साइकिल रैली निकाली। रैली के जरिये लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

रैली सुबह छह बजे आईएमए भवन से प्रारंभ हुई, जो श्यामगंज फ्लाईओवर, केशलता हॉस्पिटल, धर्मकांटा चौराहा, महादेव फ्लाईओवर, चौकी चौराहा होते हुए वापस आईएमए भवन पहुंचकर संपन्न हुई। अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, कम्युनिटी सर्विस चेयरमैन डॉ. प्रमेन्द्र महेश्वरी, मानद सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल समेत तमाम चिकित्सक उपस्थित रहे।

# रामगंगा घाट पर महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रामगंगा घाट पर आरती में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** रामगंगा घाट पर महाआरती ने आस्थाऔर सामाजिक एकता का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया।

जिला गंगा समिति एवं गंगा समग्र के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शहर के उद्यमी, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। मंत्रोच्चार, घंटों की गूंज और भजन-कीर्तन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। गंगा समग्र के महानगर संयोजक ठाकुर अखिलेश सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और गंगा संरक्षण के संदेश का भी माध्यम है। फन सिटी के संस्थापक अनिल अग्रवाल ने बताया कि हमारी संस्था के माध्यम से गंगा की सफ़ाई के लिए हर संभव सहायता की जाएगी। अशोका फोम के

- जिला गंगा समिति, नमामि गंगे और गंगा समग्र के तत्वावधान में हुआ आयोजन

मालिक अशोक गोयल ने आयोजकों को बधाई दी । डॉ विमल भारद्वाज ने बताया कि यहां व्यवस्थाएं बढ़ाई जाएंगी । जिला परियोजना अधिकारी नागेन्द्र कुमार निषाद ने कहा कि गंगा भारतीय संस्कृति में जीवन, पवित्रता और समृद्धि का प्रतीक है।

अमिता अग्रवाल, संजीव परासरी, विनोद ग्रोवर, लाइफ आर्ट एक्सपर्ट विशेष कुमार, विशाल मेहरोत्रा, इशिका बिंदु, सुधीर यादव,भारतेंदु सिंह , जितेंद्र अग्रवाल, ब्रजेश मिश्रा, करणी सेना जिला अध्यक्ष कौशल सिंह , नरेंद्र कुमार, मिनी, रोहित राकेश सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की ।

## मथुरा में बैठक में बरेली के व्यापारी हुए शामिल



**बरेली, अमृत विचार** : पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश मंत्रिपरिषद की मंगलवार को मथुरा के होटल में बैठक हुई। 11 जून को 'संकल्प दिवस' और 22 जुलाई को संस्थापक स्व. नेकी राम गर्ग की स्मृति में सेवा शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया गया। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने की। बरेली से युवा प्रदेश अध्यक्ष सुनील खत्री के नेतृत्व में महेंद्र राजपूत, मनोज देवल, सुमित सक्सेना समेत कई व्यापारियों ने सहभागिता की। 2027 के चुनाव से पहले प्रदेश भर के व्यापारियों से एकजुट होने का आह्वान किया गया।

# बीडीए वीसी से मिलने को धरने पर बैठे किसान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बीडीए कार्यालय में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। वे कृषि भूमि को बचाने और अवैध कॉलोनियों पर अंकुश लगाने की मांग कर रहे थे। बीडीए वीसी से नहीं मिलने देने और अधिकारियों की टालमटोल से नाराज होकर किसान धरने पर बैठ गए। संयुक्त सचिव और विशेष कार्यधिकारी ने किसानों को समझाया और उनकी मुलाकात बीडीए उपाध्यक्ष से कराई, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।

बीडीए उपाध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन में भाकियू ने कहा कि शहर से लेकर गांवों तक बीडीए का दायरा बढ़ने के कारण कृषि भूमि खत्म होती जा रही है। कॉलोनाइजरों की ओर से खेतों में अवैध तरीके से प्लाट काटे जा रहे हैं और बीडीए के अभियंता रोक नहीं लगा पा रहे हैं। बीडीए की टीम तब बुलडोजर लेकर पहुंचती है जब गरीब व्यक्ति अपनी जमा पूंजी लगाकर मकान खड़ा कर लेता है। किसानों ने मांग की है कि ऐसे अवैध निर्माणों को ध्वस्त करने के बजाय कंपाउंडिंग की जाए और भविष्य में बिना नक्शा पास किए एक भी ईंट न लगने दी जाए। इसके अलावा, भाकियू ने मंडलायुक्त को दिए गए 15 सूत्रीय ज्ञापन का हवाला देते हुए मांग की कि रामगंगा नगर जैसी योजनाओं में बहुमंजिला इमारतों के जरिए कृषि भूमि को बचाया जा सकता था।

बीडीए उपाध्यक्ष डा. मनिकंडन. ए ने आश्वासन दिया किसी किसान के साथ अन्याय नहीं होगा। अवैध कालोनाइजरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रवक्ता एडवोकेट हाजी एम. इकबाल, तहसील उपाध्यक्ष आमिर रजा, काशिफ रजा समेत कई किसान नेता मौजूद रहे।



बीडीए कार्यालय में धरने पर बैठे किसानों को मनाते अधिकारी व पुलिस कर्मी।

- कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनियों को लेकर भाकियू (टिकैत) गुट ने जताई नाराजगी
- लगाया आरोप-पहले बनने देते हैं मकान, फिर बुलडोजर लेकर पहुंचता है दस्ता
- अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद शांत हुए कार्यकर्ता, उपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

# बालिका सुरक्षा के लिए स्कूलों में बनेंगे शक्ति मंच

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार** : बालिका सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत राजकीय हाईस्कूल और इंटर कॉलेज में शक्ति मंच का गठन होगा। मंच के माध्यम से छात्राओं से जुड़े विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर नियमित चर्चा और गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

शैक्षिक कैलेंडर 2026-27 के निर्देशों के अनुसार शक्ति मंच की नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें छात्राएं सृजनात्मक गतिविधियों जैसे लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, नाटक, गीत और कहानियों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करेंगी। मंच का प्रमुख उद्देश्य उन बालिकाओं की पहचान करना भी होगा, जिनका अभी तक स्कूल में नामांकन नहीं हुआ है। साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि किन कारणों से वे विद्यालय नहीं आ पा रही हैं।

किशोरावस्था से जुड़ी जिज्ञासाओं और समस्याओं पर खुलकर चर्चा की जाएगी, जिससे छात्राओं को सही जानकारी मिल सके। आत्मरक्षा के प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यालयों में शिकायत पेटिका स्थापित की जाएगी, जिसमें छात्र-छात्राएं अपनी समस्याएं लिखकर डाल सकेंगे। हर महीने के अंतिम शनिवार को स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की महिला सदस्य इन शिकायतों को पढ़कर उनके समाधान की दिशा में कार्रवाई करेंगी।

- मंच के माध्यम से छात्राओं के सामाजिक, शैक्षिक और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर होगी चर्चा

## एसआरएमएस में हुआ एचपीवी टीकाकरण

**बरेली, अमृत विचारः** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत की गई। टीकाकरण क्लिनिक में पांच किशोरियों को निशुल्क टीका लगाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने कहा, भूल न जाना, एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाना। बताया कि आईसीएमआर के नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम 2024 के अनुसार, देश में हर साल लगभग 78 हजार नए सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिनमें से 42 हजार से अधिक महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। करीब 99% मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है, जिसे वैक्सीन से रोका जा सकता है। बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना नेगी ने किशोरियों के लिए समय पर टीकाकरण को जरूरी बताया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन के अनुसार, जनपद में 1145 किशोरियों का टीकाकरण हो चुका है।

# रुहेलखंड विश्वविद्यालय में छात्रों के दो गुट भिड़े, मारपीट-तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में ऑरा-2026 के तहत आयोजित डीजे नाइट में बवाल हो गया। मामूली धक्का लगने से शुरू हुआ झगड़ा मारपीट, तोड़फोड़ और अगले दिन फिर हिंसक झड़प तक पहुंच गया। छात्रों के दो गुटों के बीच हिंसक झड़प को गंभीर मानते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीन छात्रों को निलंबित कर दिया है।

अटल सभागार में 5 अप्रैल की शाम डीजे नाइट के दौरान डांस करते समय इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन तृतीय वर्ष के छात्र राजशेखर शुक्ला और मैकेनिकल के छात्र वैभव सिंह के बीच धक्का लग गया। विवाद बढ़ने पर वैभव ने राजशेखर को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सुरक्षा प्रभारी सुधांशु शर्मा ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया लेकिन तनाव खत्म नहीं हुआ। आरोप है कि देर रात वैभव और उसके साथियों ने बीडीए हॉस्टल पहुंचकर राजशेखर की बाइक में तोड़फोड़ की। अगले दिन सुबह हॉस्टल मेस में सुमित कुमार को घेरकर पीटा गया, जिससे उसे आंख के नीचे गंभीर चोट आई।

घटना की शिकायत चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में दर्ज कराई गई। विश्वविद्यालय प्रशासन की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संबंधित छात्र पहले भी अनुशासनहीनता के मामलों में शामिल रहे हैं। इसके आधार पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. रवेंद्र सिंह ने वैभव सिंह, मंगल सिंह और राजशेखर शुक्ला को निलंबित करते हुए परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी है। साथ ही तीनों को 20 अप्रैल को अभिभावकों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। पूरे मामले की विस्तृत जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है, जो एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपेगी। जांच समिति में प्रॉक्टर प्रो. राकेश कुमार मौर्य, प्रो. मदन लाल, डॉ हरि कुमार सिंह, डॉ. अख्तर हुसैन, डॉ. विशाल सक्सेना शामिल हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अनुशासनहीनता पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

- ऑरा-2026 के दौरान डीजे नाइट में धक्का लगने के बाद भड़का विवाद
- विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीन छात्र किए निलंबित, जांच समिति गठित

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन
दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# आंधी ने गिराया यूनीपोल, नगर निगम ने सीमा से बाहर बताकर झाड़ा पल्ला

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बदायूं रोड पर पराग फैक्ट्री के सामने यूनिपोल उठाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बदायूं रोड पर मंगलवार दोपहर करीब एक बजे पराग फैक्ट्री के पास एक यूनीपोल तेज आंधी में ढह गया। गनीमत रही कि जिस वक्त यह हादसा हुआ, कोई वाहन इसकीजद में नहीं आया। घटना के बाद कुछ देर के लिए बदायूं मार्ग पर वाहनों के पहिए थम गए और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

हैरानी की बात यह रही कि सूचना मिलते ही यूनीपोल का मालिक कार्रवाई के डर से आनन-फानन में जेसीबी और क्रेन लेकर मौके पर जा पहुंचा। सरकारी टीम के पहुंचने से पहले ही यूनीपोल सड़क से हटा दिया। इस पूरी घटना का वीडियो वायरल हुआ और सवाल उठने शुरू हुए, तो नगर निगम ने अपनी जिम्मेदारी पल्ला झाड़ लिया। विभाग के विज्ञापन प्रभारी ने कागजों का हवाला देते हुए कहा कि उनकी सीमा करगैना में खत्म हो जाती है। यह पूरा मामला बरेली विकास प्राधिकरण के पाले में आता है। कुल मिलाकर मामला निगम की सीमा का हो या बीडीए की, बीच सड़क पर गिरे इस यूनीपोल ने यह साबित कर दिया है कि जनता की सुरक्षा इन विभागों की प्राथमिकता सूची में सबसे नीचे है।

- सरकारी टीम पहुंचने से पहले ही जेसीबी-क्रेन लेकर पहुंचा मालिक, आनन-फानन में हटाया
- विज्ञापन प्रभारी बोले- करगैना में खत्म होती है हमारी सीमा, बीडीए संभाले अपना जिम्मा

## दांतों से जुड़े मिथक से दूर रहने की सलाह

**बरेली, अमृत विचार** : आज के समय में भी दांतों की देखभाल को लेकर लोगों में कई तरह के मिथक यानी गलत धारणाएं प्रचलित हैं, जो न केवल भ्रम फैलाते हैं बल्कि मौखिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाते हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों का कहना है कि मिथक यह है कि ज्यादा जोर से ब्रश करने से दांत ज्यादा साफ होते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि जोर से ब्रश करने से दांत साफ नहीं होते, बल्कि इससे दांतों की ऊपरी परत (एनामेल) घिस सकती है और मसूड़ों को नुकसान पहुंच सकता है। हमेशा हल्के हाथ से और सही तकनीक से ब्रश करना चाहिए।

मिथक है कि मीठा खाने से ही दांत खराब होते हैं। वहीं सच्चाई यह है कि सिर्फ मीठा ही नहीं, बल्कि बार-बार कुछ भी खाने से दांतों में बैक्टीरिया सक्रिय हो जाते हैं। असल नुकसान तब होता है जब दांतों की सफाई सही तरीके से नहीं की जाती। एक मिथक है कि दूध के दांत (बच्चों के दांत) महत्वपूर्ण नहीं होते। सच्चाई यह है कि दूध के दांत बच्चों के स्थायी दांतों के लिए रास्ता बनाते हैं।

# तीन अस्पतालों में मिलीं अनियमितताएं, नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अस्पताल से निकलती टीम।

**अमृत विचार** : सीएमओ डा विश्राम सिंह के निर्देश पर गठित टीम ने सोमवार को शहर के तीन निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। अनियमितताओं पर अस्पताल संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं।

एक अस्पताल में आयुष्मान योजना के अंतर्गत बिहार निवासी मरीज भर्ती मिला। टीम ने उसके आयुष्मान कार्ड की जांच के आदेश दिए हैं। अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण मानक अनुरूप नहीं मिला। दो स्टाफ अनट्रेंड पाए गए, जिन्हें तत्काल कार्यमुक्त करा दिया गया। आयुष्मान मित्र भी मरीजों की सही जानकारी नहीं दे पा रहे थे। एक अन्य अस्पताल में आयुष्मान के तहत एक मरीज आईसीयू में भर्ती मिला। मरीज के परिजनों राहुल व किरण ने आरोप लगाया कि उनसे जांच के नाम पर धनराशि ली गई। वहीं, एक अन्य मरीज का आयुष्मान कार्ड दो दिनों से लागू नहीं किया गया था, जिस पर टीम ने तत्काल उसे योजना के तहत भर्ती करने के निर्देश दिए। फायर सेफ्टी उपकरण मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। तीसरे अस्पताल में मरीजों का उपचार आयुष्मान योजना के अंतर्गत सुचारू रूप से होता पाया गया। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने कहा कि सभी अस्पतालों को निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

- सीएमओ के निर्देश पर टीम ने किया निरीक्षण, अनट्रेंड स्टाफ भी मिला
- एक अस्पताल में बिहार का युवक आयुष्मान के तहत था भर्ती, जांच के आदेश

# गुरु तेग बहादुर के शौर्य, बलिदान को किया नमन

## कीर्तन, प्रभात फेरियों के साथ मनाया गया प्रकाश पर्व, अटूट लंगर का आयोजन, संगत हुई निहाल

- गुरुद्वारों में सजे दीवान, बड़ी संख्या में संगत ने मत्था टेक आशीर्वाद लिया
- गुरुद्वारा जनकपुरी और मॉडल टाउन से आई प्रभात फेरियों का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



संजय नगर स्थित दुख निवारण गुरुद्वारे में कीर्तन करते रागी जत्था। ● अमृत विचार



दुख निवारण गुरुद्वारे में दीवान के सम्मुख मत्था टेकते श्रद्धालु।

**अमृत विचार :** सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर के पावन प्रकाश पर्व मंगलवार को अत्यंत श्रद्धा, प्रेम और उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा दुख निवारण, संजय नगर में विशेष दीवान सजाया गया। यहां बड़ी संख्या में संगत ने पहुंचकर मत्था टेका और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुद्वारा जनकपुरी और गुरुद्वारा मॉडल टाउन से आई प्रभात फेरियों का स्वागत किया गया।

विशेष दीवान में हजूरी रागी भाई अमरजीत सिंह, भाई राजन सिंह सहित विभिन्न रागी जत्थों ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। सिख मिशनरी कॉलेज के विद्यार्थियों एवं प्रोफेसरों ने भी गुरमति विचार प्रस्तुत किए। हेड ग्रंथी भाई गुरविंदर सिंह ने गुरु तेग बहादुर साहिब के जीवन और उनके बलिदान पर प्रकाश डालते हुए संगत को प्रेरित किया। पटियाला से आए भाई प्रिंस पाल सिंह और बीबी जसप्रीत कौर ने कीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अखंड कीर्तनी जत्थे और अन्य कीर्तनकारों ने भी सभी को निहाल किया। अरदास और हुकमनामा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद संगत ने गुरु का लंगर ग्रहण किया।

गुरुद्वारा परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। महापौर उमेश गौतम, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने भी मत्था टेका। रात में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मॉडल टाउन में विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया। वैसाखी पर्व 14 अप्रैल को खालसा ग्राउंड में और अमृत संचार 15 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। बुधवार को कीर्तन दरबार में दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई शुभदीप सिंह विशेष रूप से हाजिरी भरेंगे। खालसा साजना दिवस के कीर्तन दरबार भी शुरू हो रहे हैं। डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. शालिनी, डॉ. संतोष सिंह, हरप्रीत सिंह बिंद्रा, अमरजीत सिंह बक्शी, अमरजीत सिंह कालड़ा, अमरजीत सिंह बग्गा, टोनी, बिट्टू, कमलजीत सिंह, परमजीत दुआ, मिंटू छाबड़ा आदि का विशेष सहयोग रहा।



गुरु तेग बहादुर के पावन प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में कीर्तन सुनती संगत। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### तीन बेटियों ने खेलो इंडिया के लिए क्वालिफाई किया



**बरेली, अमृत विचार :** जिले की तीन बालिकाओं अनुष्का, अंजली सिंह और दीपू कश्यप ने 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित ओपन स्टेट एथलेटिक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया के लिए क्वालिफाई किया है। अनुष्का ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। अंजली सिंह ने 400 मीटर हर्डल रेस में प्रथम, दीपू कश्यप ने 400 मीटर हर्डल रेस में तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीनों खिलाड़ी साधारण परिवार से हैं। अंतरराष्ट्रीय एथलीट एवं एनआईएस कोच अजय कश्यप से प्रशिक्षण ले रही हैं। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पद्मवीर सिंह, जसवीर सिंह, बलवंत सिंह, अमित सिंह, संजय कुमार ने इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

### सृजन वेलफेयर ने लगाया निशुल्क भोजन वितरण शिविर

**बरेली, अमृत विचार :** सृजन वैलफेयर सोसाइटी की ओर से मंगलवार को साप्ताहिक निशुल्क भोजन वितरण किया गया। अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना ने बताया कि श्रमिक भाइयों की सेवा कर प्राप्त होने वाली आत्म संतुष्टि और आनंद अतुलनीय है। संरक्षक राजीव सक्सेना,उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष अमित गौड़, हरीश गंगवार, दिलीप पाठक, प्रशांत अग्रवाल, पवन कुमार, विजय कुमार, संतोष, दीपक शर्मा, राजीव सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों को स्कूल भेजने के लिए कर रहे जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए स्कूल चलो अभियान के तहत शिक्षक गांवों में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। रैलियां निकालकर अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने की अपील कर रहे हैं। अभियान की निगरानी बीएसए डॉ. विनीता कर रही हैं। इसके लिए वाट्सएप ग्रुप बनाकर परिषदीय स्कूलों में होने वाली जागरूकता रैली, वहां होने वाले एडमिशन समेत कॉपी-किताबों के वितरण के बारे में जानकारी अपडेट की जा रही है।

# जीवन में हो रहा सुधार, बस रहे दिव्यांगों के परिवार

- दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने 27 दिव्यांगों का बसाया घर
- विभाग को मिला लक्ष्य पूरा, प्रत्येक जोड़े को दी आर्थिक मदद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने सामाजिक सरोकार की दिशा में पहल करते हुए एक वर्ष में 27 दिव्यांगजनों की शादियां कराकर घर बसाने का काम किया है। विभाग ने शासन से मिले लक्ष्य को पूरा करते हुए प्रत्येक पात्र जोड़े को 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की, ताकि उनके वैवाहिक जीवन की शुरुआत सुगम हो सके।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह के अनुसार विभाग की ओर से संचालित इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करना है। आर्थिक सहायता के माध्यम से नवविवाहित जोड़ों को शुरुआती जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलती है। जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही पात्रता के आधार पर सहायता राशि स्वीकृत की जाती है।

### आठ दिव्यांग बंदियों को व्हील चेयर, चार को मिला वाकर

**बरेली, अमृत विचार :** जिला जेल में दिव्यांग बंदियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में मंगलवार को एक सराहनीय पहल की गई। 12 दिव्यांग बंदियों को आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान किए गए। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि आठ दिव्यांग बंदियों को व्हील चेयर और चार को वॉकर दिए गए। इन उपकरणों के माध्यम से बंदियों को दैनिक गतिविधियों में काफी सहूलियत मिलेगी और वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकेंगे। शासन की मंशा के अनुरूप दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसी क्रम में दिव्यांग बंदियों को चिन्हित कर उन्हें आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। जेल प्रशासन ने इस पहल के लिए विभाग और चिकित्सीय टीम का आभार जताया। साथ ही भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित कर दिव्यांग बंदियों की जरूरतों को पूरा करने की बात कही।

# बिना अनुमति यूनिफॉर्म, किताबें बदलने पर की जाएगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीएसए ने स्कूल प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को लिखा पत्र

**अमृत विचार:** बीएसए डॉ. विनीता ने सभी विद्यालय प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि बिना विभागीय अनुमति के कक्षा एक से आठ तक के छात्रों के लिए पाठ्यक्रम और यूनिफॉर्म में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। बिना स्वीकृति फीस वृद्धि पर भी रोक लगाई गई है। बीएसए ने कहा कि कुछ विद्यालय अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालते हुए निजी प्रकाशकों की किताबें और नई यूनिफॉर्म लागू कर रहे हैं, जो शासन के निर्देशों के विपरीत है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विद्यालय निर्धारित एनसीईआरटी/परिषद की पुस्तकों और स्वीकृत ड्रेस को ही लागू करें। कोई भी विद्यालय अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से किताबें या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा। यदि इस तरह की शिकायतें मिलती हैं तो संबंधित विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे विद्यालयों की नियमित निगरानी करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आईएमए में कार्यशाला

**बरेली, अमृत विचार:** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) बरेली शाखा ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मंगलवार को स्पाइरोमेट्री कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डॉ. राजेश अग्रवाल ने बताया कि स्पाइरोमेट्री के माध्यम से सांस से जुड़ी बीमारियों की समय पर पहचान संभव है। डॉ. रजत अग्रवाल ने स्पाइरोमेट्री के सिद्धांतों और उसके सही उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्लिनिकल प्रैक्टिस में इसकी उपयोगिता को भी समझाया। इस दौरान चिकित्सकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे जांच प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझ सके। कार्यक्रम में आईएमए के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# बरेली कॉलेज में सख्त की गई सुरक्षा व्यवस्था

- चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंद्रवीर सिंह ने चेक किए आईकार्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बिना आईकार्ड के आने वाले स्टूडेन्टस का रजिस्टर देखते चीफ प्राक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रशासनिक बदलाव के बाद बरेली कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है। नवनियुक्त चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंद्रवीर सिंह चौहान मंगलवार को स्वयं कॉलेज के पूर्वी और पश्चिमी गेट पर पहुंचे और छात्रों के आई-कार्ड की जांच की।

इस दौरान बिना आई-कार्ड के आने वाले छात्रों को रोका गया और बाहरी व्यक्तियों की एंट्री पर भी सख्ती से नियंत्रण रखा गया। नई व्यवस्था के तहत जो स्टूडेंट आई-कार्ड लेकर कॉलेज नहीं आए, उन्हें गेट पर रखे रजिस्टर में अपनी एंट्री दर्ज करना अनिवार्य किया गया।

आगे से आई-कार्ड के साथ आने की हिदायत दी गई। चीफ प्रॉक्टर ने स्पष्ट किया कि कॉलेज परिसर में किसी भी तरह की अव्यवस्था या बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नियमित रूप से गेटों पर चेकिंग जारी रहेगी। दोनों गेटों के बाद कॉलेज परिसर में भी प्रॉक्टोरियल टीम भ्रमण पर रहेगी। यह कदम परिसर में अनुशासन बनाए रखने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

### वंदना शर्मा के उपप्राचार्य बनने पर वृक्षारोपण

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में प्रो. वंदना शर्मा के उप-प्राचार्या नियुक्त होने पर सेल्फ फाइनेंस विभागों की ओर से मंगलवार को वृक्षारोपण किया गया। स्ववित्तपोषित संकाय अध्यक्ष डॉ. योगेश शर्मा, डॉ. जसपाल सिंह, डॉ. अनामिका अग्रवाल, डॉ. महमूद, प्रो. प्रतिभा शर्मा, डॉ. अजीता, डॉ. सारा, डॉ. हेमा खन्ना, डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी, डॉ. पूजा, डॉ. अक्षय शुक्ला, डॉ. सीताराम, डॉ. गिरीश कुमार और डॉ. अभिषेक शर्मा के अलावा शोध छात्रा अंजली, निकिता त्रिपाठी, एमएससी छात्र उन्नति, अभिषेक गौतम व प्रदीप कुमार ने सहभागिता की। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने प्रो. वंदना शर्मा को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

# केले शाह बाबा के कुल शरीफ में मांगी गई अमन चैन की दुआ

- शाहदाना वली के सत्तरवीं शरीफ पर रुहानी हुआ माहौल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कुल शरीफ में शामिल अकीदतमंद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शाहदाना वली के छोटे उर्स सत्तरवीं शरीफ के चौथे दिन मंगलवार को दरगाह परिसर में रूहानी माहौल देखने को मिला। दरगाह पर सलातो सलाम का नजराना मस्जिद के इमाम मौलाना मुशाहिद रजा ने पेश किया। दिनभर दरगाह पर चादरपोशी और गुलपोशी का सिलसिला जारी रहा। लखनऊ बक्फ बोर्ड से आए कोऑर्डिनेटर असद उजमा ने दरगाह पर हाजिरी दी। मुतवल्ली अब्दुल वाज़िद खां नूरी और वसी अहमद वारसी ने उन्हें सम्मानित किया।

दोपहर में जोहर की नमाज के बाद चंद मियां अशरफी ने मिलादे पाक की महफिल सजाई, जबकि निजाम साबरी कलियरी ने रंग शरीफ पेश कर समा बांध दिया। इसके बाद केले शाह बाबा के कुल शरीफ की फातिहा अदा की गई, जिसमें सूफी रिजवान रजा खां कादरी ने दुआ कराई। रात 10 बजे से महफिल-ए-सिमा (कव्वाली) का आयोजन हुआ, जिसमें मोबीन नियाजी ने कलाम पेश किए। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि 8 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे हजरत सैय्यद बाबा के कुल शरीफ की फातिहा अदा की जाएगी, जिसके साथ पांच रोजा उर्स का समापन होगा। गुल्लन खां, अब्दुल सलाम नूरी, गफूर पहलवान, यूसुफ इब्राहिम, जावेद खां, मेहबूब साबरी, भूरा साबरी, सईद खां, परवेज खां, अकरम दाना, हाफिज सलीम रजा, मिर्जा शाहाब बेग, मिर्जा मुकर्रम बेग, जफर अली, दिलावर खां, तौसीफ खां सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कैरम, शतरंज, म्यूजिकल चेयर में किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में साप्ताहिक खेलकूद प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में साप्ताहिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को इंडोर गेम्स का आयोजन किया गया।

इसमें शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, सहायक कर्मचारियों के लिए कैरम प्रतियोगिता, शतरंज प्रतियोगिता तथा म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया। शिक्षिकाओं की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में डॉ. ज्योति गुप्ता प्रथम, डॉ. आकांक्षा रस्तोगी द्वितीय, डॉ. दीप शिखा तृतीय स्थान पर रही।

ग्रुप सी पुरुष वर्ग में आशीष सक्सेना प्रथम, मदन शर्मा द्वितीय, अतुल सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी महिला वर्ग में अंजलि प्रथम, शिवानी पाल द्वितीय, शक्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। म्यूजिकल चेयर ग्रुप डी महिला वर्ग में अंजू प्रथम, उर्मिला द्वितीय, पूनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डी पुरुष वर्ग में पारस ने प्रथम, ओमकार ने द्वितीय, ओमकार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षिकाओं की कैरम प्रतियोगिता में डॉ. सीमा गौतम ने प्रथम, डॉ. अभिलाषा सारस्वत ने द्वितीय, प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन कीड़ा परिषद प्रभारी डॉ. प्रीति वर्मा, प्रो. सीमा गौतम, डॉ. आकांक्षा रस्तोगी, डॉ. ज्योति गुप्ता, डॉ. रुचि अग्रवाल, शिखा, मनीष ने किया।

## सिटी डायरी

### स्वास्थ्य शिविर में दर्जनों मरीजों का किया परीक्षण



बरेली, अमृत विचार : मंगलवार को अनीस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं फहमी आईवीएफ सेंटर में 'वर्ल्ड हेल्थ डे' पर नि:शुल्क लिवर चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। डॉ. जावेद ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श और दवाइयां दीं। उन्होंने आधुनिक जीवनशैली, जंक फूड और शराब के सेवन से लिवर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए संतुलित आहार और नियमित जांच की सलाह दी। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अनीस बेग ने कहा कि स्वस्थ जीवन ही सबसे बड़ा धन है। अस्पताल के नर्सिंग और सहयोगी स्टाफ का योगदान रहा।

### एलन किड्स स्कूल में ओरल हेल्थ मंथ पर दंत शिविर





बरेली, अमृत विचार : एलन किड्स स्कूल में ओरल हेल्थ मंथ के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से एक विशेष दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न रोचक एवं शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।खेल-खेल में मौखिक स्वच्छता के महत्व को समझा। बच्चों को सही ब्रशिंग तकनीक भी सिखाई। इसके साथ ही, बच्चों का दंत परीक्षण भी किया गया। जागरुकता सत्र के माध्यम से बच्चों को मीठे खाद्य पदार्थों के दुष्प्रभाव और स्वस्थ खानपान के महत्व के बारे में बताया गया।

### कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा आरंभ



बरेली, अमृत विचार : राजेंद्र नगर स्थित नीलकंठ मंदिर समिति की ओर से आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का आरंभ मंगलवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। आरंभ पार्षद एवं समिति के संरक्षक सतीश चंद्र सक्सेना कातिब ने किया। इस अवसर पर 101 महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। समिति के अध्यक्ष पवन अरोड़ा और महामंत्री अनिल गुप्ता ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज भक्ति और आध्यात्म से जुड़ता है। कोषाध्यक्ष हरविंद रहेजा और मीडिया प्रभारी आयुष अग्रवाल ने बताया कि वृंदावन धाम के प्रसिद्ध कथा व्यास राध्या भारद्वाज कथा वाचन करेंगे। सह-कोषाध्यक्ष डॉ. श्याम माथुर, कुलदीप चावला, विशाल कपूर, एसडी शर्मा, भोलू, माया सक्सेना, प्रेरणा कपूर, श्वेता अग्रवाल, अमन शर्मा, अमित मिश्रा, एबी सक्सेना उपस्थित रहे।

### मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की शिक्षाओं से प्रेरित हो रहे बच्चे



बरेली, अमृत विचार : बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने चारु इंग्लिश स्कूल में बच्चों को भगवान श्री राम के आदर्शमयी जीवन से प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को श्री हनुमान चालीसा की प्रतियां भेंट की। कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का संपूर्ण जीवन हमें कहीं ना कहीं किसी न किसी रूप में प्रेरित करता है। प्रधानाचार्या सीमा सक्सेना ने बच्चों को श्री राम के आदर्शो से एवं श्री हनुमान जी की शक्ति और भक्ति से सीख लेने को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

# एमडीसीए ने 208 रनों से दिल्ली की टीम को हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट
- आईनेक्स्ट जनरेशन ने जीका इलाहाबाद को 101 रन से हराया

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के आठवें और नौवें मुकाबले में रनों की बारिश हुई। आठवें मुकाबले में आईनेक्स्ट जनरेशन ने 227 रन बनाए और जीका इलाहाबाद को 101 रन से हरा दिया। नौवें मुकाबले में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने 303 रन बना कर मनीष शर्मा स्पोर्ट्स फेडरेशन दिल्ली पर 208 रनों के अंतर से जीत दर्ज की।

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को दूधिया रोशनी में मैच खेले गए। आईनेक्स्ट जनरेशन ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 227 रन बनाए। आर्यन जुआल 35 रन, आर्यन चौधरी 41 रन, अक्षु बाजवा 25 रन, प्रियांशु 37 रन, शिवम शर्मा ने 53 रन बनाए। जीका इलाहाबाद की टीम 18.4 ओवर में 126 रन ही बना सकी। नौवां मैच मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने पहले खेलते हुए 3 विकेट पर 303 रन का बनाए। हर्ष त्यागी 119 रन, प्रियम गर्ग 51 रन, रितुराज 93 रन का योगदान दिया। 303 रन का पीछा करने उतरी एमएसएसएफ की टीम 14.1 ओवर में 94 रन बना सकी। इसमें सबसे ज्यादा 17 रन एक्स्ट्रा के रूप बने। आयोजन समिति के सचिव डा.नितिन सक्सेना और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

उपलब्धि | यूपीपीएससी के आरओ 2023 के परिणाम में सुधीर सिंह को मिली 77 वीं रैंक

# ...आखिरकार लांघ ली अंतिम सीमा

- गांव लौटने की थी तैयारी, योग्यता सीमा के अंतिम पड़ाव में कामयाबी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पत्नी और बच्चों के साथ सुधीर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सोमवार को घोषित समीक्षा अधिकारी (आरओ) 2023 के परिणाम ने सुधीर सिंह की किस्मत बदल दी। आयु सीमा के अंतिम पड़ाव पर खड़े सुधीर के लिए यह 'करो या मरो' की स्थिति थी, उन्होंने तय कर लिया था कि अब या तो गांव लौटेंगे या फिर सीधे सचिवालय की नौकरी करेंगे। सोमवार सुबह जैसे ही उनके चयन की खबर आई तो सिंधुनगर कॉलोनी स्थित उनके किराए के घर में जश्न का माहौल छा गया। सुधीर ने 77 वीं रैंक हासिल की है।

मूल रूप से पीलीभीत पूरनपुर के गांव गुलड़िया भूप सिंह निवासी सुधीर सिंह का संघर्ष 2012 में शाहजहांपुर से बीएससी करने के बाद शुरू हुआ था। तैयारी के लिए प्रयागराज जाने के बाद उन्होंने बरेली को अपनी कर्मभूमि बनाया। प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग पढ़ाना शुरू किया। सुधीर खुद दो बार मुख्य परीक्षा तक पहुंचे थे, लेकिन अंतिम सूची में स्थान नहीं बना पाए। चूंकि यूपीपीएससी में अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष है, इसलिए 2023 की यह परीक्षा उनके लिए अंतिम उम्मीद थी। दिनभर कोचिंग में छात्रों को पढ़ाने और रात में खुद की तैयारी करने का उनका कठिन परिश्रम अंततः सफल रहा। सुधीर सफलता का श्रेय पत्नी नीतू सिंह को देते हैं। उन्होंने बताया कि मुश्किल दौर में नीतू ने न केवल घर संभाला, बल्कि कोचिंग के कार्यों और वित्तीय प्रबंधन में भी उनकी भरपूर मदद की।